4th CCS (PT) - 2011

**Serial No.**

100954

# QUESTION BOOKLET
# प्रश्न-पुस्तिका

**B**

## PHILOSOPHY (20)
## दर्शनशास्त्र (20)

Time Allowed : 2 Hours | Maximum Marks : 200

निर्धारित समय : 2 घण्टे | अधिकतम अंक : 200

SEAL

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Please do not open this Question Booklet until you are told to do so.
2. Candidate must fill up the necessary information in the space provided on the OMR Answer Sheet before commencement of the test.
3. For marking the correct answer, darken one circle by black or blue ball-point pen only. Please do not mark on more than one circle. Darkening on more than one circle against an answer will be treated as wrong answer.
4. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the examination, hand over separately the entire Question Booklet and Answer Sheet to the Room Invigilator.
5. Each question carries 2 marks. There is no negative marking for any wrong answer.
6. Possession and use of Calculator, Mobile Phone and Pager is prohibited in the Examination Hall.
7. For any discrepancy in the translated version of any question in Hindi, the English version of the question will be valid.
8. You should return the Question Booklet to the Invigilator at the end of the examination and should not carry any paper with you outside the Examination Hall.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. जब तक कहा न जाए तब तक इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।
2. परीक्षा शुरू करने से पहले परीक्षार्थी को ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में आवश्यक जानकारी निर्धारित स्थान पर अवश्य भर लेनी चाहिए।
3. सही उत्तर चिह्नित करने के लिए निर्धारित एक गोले को काले या नीले बॉलपेन द्वारा चिह्नित करें। एक से अधिक गोलों को काला चिह्नित न करें। एक से अधिक गोले को उत्तर के रूप में चिह्नित करने पर उस उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में से किसी भी पन्ने को अलग न करें। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त पूरी प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-पत्रिका को अलग-अलग कक्ष-निरीक्षक को सौंप दें।
5. प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
6. परीक्षा भवन में संगणक, मोबाइल फोन एवं पेजर को अपने पास रखना और उसका प्रयोग करना वर्जित है।
7. किसी भी प्रश्न के हिन्दी अनुवाद में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी भाषा में दिया गया प्रश्न मान्य होगा।
8. आपको परीक्षा के समय की समाप्ति पर प्रश्न-पुस्तिका को निरीक्षक महोदय को लौटाना होगा और परीक्षा भवन से बाहर जाते समय कोई भी कागज अपने साथ नहीं ले जाना होगा।

1. Which one of the following is correct truth-functional symbolisation of the sentence, "Unless logic is difficult Seema will pass if she concentrates"? ($P$ : logic is difficult; $Q$ : Seema will pass; $R$ : Seema concentrates)

   *(a)* $P \supset (R \supset Q)$

   *(b)* $\sim P \supset (Q \supset R)$

   *(c)* $\sim P \vee (R \supset Q)$

   *(d)* $P \vee (R \supset Q)$

2. Which one of the following is deduced from

   $(\sim p \cdot q) \cdot [(r \cdot s) \supset p] \cdot r$ ?

   *(a)* $\sim q$ *(b)* $q \supset r$

   *(c)* $\sim s$ *(d)* $r \supset s$

3. Which one of the following arguments for the existence of God is ***not*** accepted by St. Aquinas?

   *(a)* The argument from motion

   *(b)* The argument from the governance of the world

   *(c)* The argument from the gradation found in the things

   *(d)* The ontological argument

4. "Consciousness is not an essential characteristic of the Soul." Whose view is this?

   *(a)* Cārvākas

   *(b)* Nyāya-vaiśeṣika

   *(c)* Sāṃkhya-yoga

   *(d)* Jainism

5. "None but true Yogīs are qualified for the highest mystical experiences and only true Yogīs are saints. Therefore, only saints are qualified for the highest mystical experiences."

   What fallacy is committed in the above syllogism?

   *(a)* Existential fallacy

   *(b)* Fallacy of illicit major

   *(c)* Fallacy of illicit minor

   *(d)* Fallacy of undistributed middle

6. The nature of a statement of fact and a statement of value is such that

   *(a)* both can take truth values

   *(b)* both are about attitude

   *(c)* both state the facts

   *(d)* the former states the fact and the latter indicates the attitude

7. For Spinoza

   *(a)* the world is a creation of the absolute substance God and is therefore ontologically distinct from God

   *(b)* the world is not ontologically distinct from God, because the world is God itself

   *(c)* the world is a creation of God in the sense of being an expression of God's will to have a world

   *(d)* the world is the expression of God's desire for natural splendour

1. ''अगर तर्कशास्त्र कठिन नहीं है तो सीमा सफल हो जाएगी यदि वह एकाग्रचित्त रहे।''
($P$ : तर्कशास्त्र कठिन है; $Q$ : सीमा सफल हो जाएगी; $R$ : सीमा एकाग्रचित्त रहे)

निम्नलिखित में से कौन-सा **एक** उपर्युक्त वाक्य का सही सत्यताफलनिक प्रतीकीकरण करता है?

(a) $P \supset (R \supset Q)$

(b) $\sim P \supset (Q \supset R)$

(c) $\sim P \vee (R \supset Q)$

(d) $P \vee (R \supset Q)$

2. $(\sim p \cdot q) \cdot [(r \cdot s) \supset p] \cdot r$ से निम्नलिखित में से कौन-सा एक निगमित होता है?

(a) $\sim q$ (b) $q \supset r$

(c) $\sim s$ (d) $r \supset s$

3. निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क संत एक्विनास के द्वारा ईश्वर के अस्तित्व को प्रमाणित करने के लिए **नहीं** स्वीकार किया गया?

(a) गति पर आधारित तर्क

(b) जगत् के नियंत्रण पर आधारित तर्क

(c) वस्तुओं में पाए जाने वाले क्रम पर आधारित तर्क

(d) सत्तात्मक तर्क

4. ''चेतना, आत्मा का सारभूत लक्षण नहीं है।'' यह विचार किसका है?

(a) चार्वाक का

(b) न्याय-वैशेषिक का

(c) सांख्य-योग का

(d) जैन दर्शन का

5. ''केवल सच्चे योगी ही उच्चतम रहस्यात्मक अनुभवों के योग्य अधिकारी हैं और केवल सच्चे योगी ही सन्त हैं। इसलिए केवल सन्त ही उच्चतम रहस्यात्मक अनुभवों के लिए योग्य अधिकारी हैं।''

उपर्युक्त न्यायवाक्य में कौन-सा दोष है?

(a) अस्तित्वाभिग्रह दोष

(b) अव्याप्त साध्य दोष

(c) अव्याप्त पक्ष दोष

(d) अव्याप्त हेतु दोष

6. एक तथ्य के कथन एवं एक मूल्य के कथन का स्वरूप इस प्रकार है कि

(a) दोनों के सत्यता मूल्य हो सकते हैं

(b) दोनों मनोवृत्तियों के विषय में हैं

(c) दोनों तथ्यों को दर्शाते हैं

(d) प्रथम प्रकार का कथन तथ्य व्यक्त करता है और बाद वाले मनोवृत्ति को

7. स्पिनोज़ा के अनुसार

(a) जगत् निरपेक्ष द्रव्य ईश्वर के द्वारा सृष्ट है एवं इसलिए तत्वतः ईश्वर से भिन्न है

(b) जगत् तत्वतः ईश्वर से भिन्न नहीं है क्योंकि जगत् ईश्वर ही है

(c) जगत् ईश्वर की सृष्टि इस अर्थ में है कि यह ईश्वर की इच्छा की अभिव्यक्ति है

(d) जगत् ईश्वर की प्राकृतिक अभिव्यक्ति रूप-इच्छा का प्रकाश है

8. Match List—I (Criterion) with List—II (System) and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List—I (Criterion)* | *List—II (System)* |
|---|---|
| A. Truth is that which conforms to fact | 1. Idealism |
| B. Truth is consistency among other accepted ideas, things and judgements | 2. Pragmatism |
| C. Anything which is clear and distinct must be held as true | 3. Realism |
| D. Truth is that which works | 4. Cartesianism |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(d)* | 3 | 2 | 4 | 1 |

9. Match List—I (Philosopher) with List—II (View) and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List—I (Philosopher)* | *List—II (View)* |
|---|---|
| A. Leibniz | 1. The soul, evolving spontaneously, always expresses the entire state of the universe according to the relation of other bodies to its own |
| B. Berkeley | 2. Neither secondary qualities nor primary qualities exist independently of mind |
| C. Descartes | 3. Human being is a kind of union of two distinct things : the mind and the body, the body being a part of mechanical nature, the mind being a pure thinking substance |
| D. Spinoza | 4. Mind and body are identical because thought and extension are two attributes under which the one substance is conceived |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 4 | 2 |

**8.** सूची–I (कसौटी) को सूची–II (वाद) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (कसौटी)** | **सूची–II (वाद)** |
|---|---|
| A. सत्य वह है जो तथ्य के अनुरूप होता है | 1. प्रत्ययवाद |
| B. सत्य अन्य स्वीकृत विचारों, वस्तुओं और निर्णयों के बीच सुसंगतता है | 2. अर्थक्रियावाद |
| C. जो भी सुस्पष्ट और सुनिश्चित है उसे सत्य अनुमोदित किया जाना चाहिए | 3. वस्तुवाद |
| D. सत्य वह है जिससे कार्य सिद्ध होता है | 4. देकार्तवाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(d)* | 3 | 2 | 4 | 1 |

**9.** सूची–I (दार्शनिक) को सूची–II (मत) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (दार्शनिक)** | **सूची–II (मत)** |
|---|---|
| A. लाइब्निज़ | 1. सहज उद्भूत आत्मा, अन्य देहों के साथ अपने सम्बन्ध के अनुसार, सदैव जगत् की सम्पूर्ण अवस्था को अभिव्यक्त करती है |
| B. बर्कले | 2. न तो गौण गुणों की और न ही मूल गुणों की मन से स्वतंत्र सत्ता होती है |
| C. देकार्त | 3. मानव दो विशिष्ट विषय-वस्तुओं, मन और देह का संयोजन है, देह का स्वरूप यांत्रिक है, मन पूर्णतः विचारशील द्रव्य है |
| D. स्पिनोज़ा | 4. मन और देह समरूप हैं क्योंकि विचार और विस्तार दो ऐसे गुण हैं जिनके अंतर्गत एक ही द्रव्य का बोध होता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 4 | 2 |

10. Given below is what purports to be a formal proof of validity for a particular argument :

1. $(E \cdot F) \cdot G$
2. $(F \cdot G) \supset H \vee A \mid \therefore A \vee H$
3. $E \cdot (F \cdot G)$
4. $F \cdot G$
5. $H \vee A$
6. $A \vee H$

At which step does the proof go wrong?

(a) Step 3

(b) Step 4

(c) Step 5

(d) Step 6

11. Match List—I (Rule) with List—II (Equivalence expression) and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List—I (Rule) | List—II (Equivalence expression) |
|---|---|
| A. De Morgan's theorems | 1. $[p \supset (q \supset r)] \equiv [(p \cdot q) \supset r]$ |
| B. Distribution | 2. $(p \supset q) \equiv (\sim q \supset \sim p)$ |
| C. Exportation | 3. $\sim (p \vee q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$ |
| D. Transposition | 4. $[p \cdot (q \vee r)] \equiv [(p \cdot q) \vee (p \cdot r)]$ |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

12. Which one of the following is ***not*** acceptable to G. E. Moore?

(a) Goodness is a natural quality

(b) Goodness is an unanalyzable simple quality

(c) A good is a complex thing

(d) Goodness cannot be apprehended through senses

13. Which one of the following is maintained by the emotivists?

(a) There are moral facts but they are neither true nor false

(b) There are no moral facts that are either true or false

(c) There are moral facts and they are either true or false

(d) Moral judgements are essentially descriptive of emotive attitudes

**10.** किसी युक्ति की वैधता के आकारिक प्रमाण का दावा करने वाला प्रमाण नीचे दिया गया है :

1. $(E \cdot F) \cdot G$
2. $(F \cdot G) \supset H \vee A / \therefore A \vee H$
3. $E \cdot (F \cdot G)$
4. $F \cdot G$
5. $H \vee A$
6. $A \vee H$

किस चरण पर प्रमाण गलत हो जाता है?

(a) चरण 3

(b) चरण 4

(c) चरण 5

(d) चरण 6

**11.** सूची–I (नियम) को सूची–II (समतुल्य अभिव्यक्ति) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (नियम)** | **सूची–II (समतुल्य अभिव्यक्ति)** |
|---|---|
| A. डि मोर्गन प्रमेय | 1. $[p \supset (q \supset r)] \equiv [(p \cdot q) \supset r]$ |
| B. बंटन (डिस्ट्रिब्यूशन) | 2. $(p \supset q) \equiv (\sim q \supset \sim p)$ |
| C. निर्यातन (एक्सपोर्टेशन) | 3. $\sim (p \vee q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$ |
| D. विपर्यय (ट्रांसपोजीशन) | 4. $[p \cdot (q \vee r)] \equiv [(p \cdot q) \vee (p \cdot r)]$ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जी० ई० मूर को स्वीकार्य **नहीं** है?

(a) शुभत्व एक प्राकृतिक गुण है

(b) शुभत्व अविश्लेषणीय सरल गुण है

(c) शुभ जटिल है

(d) शुभत्व को इन्द्रियों द्वारा नहीं जाना जा सकता

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक संवेगवादियों का मत है?

(a) नैतिक तथ्य होते हैं किन्तु न तो वे सत्य होते हैं न असत्य

(b) कोई भी ऐसे नैतिक तथ्य नहीं होते जो या तो सत्य हों या असत्य

(c) नैतिक तथ्य होते हैं और वे या तो सत्य होते हैं या असत्य

(d) नैतिक निर्णय अनिवार्यतः संवेग-वृत्तियों का वर्णन करते हैं

14. "The living bodies possess souls because they possess functions such as breathing." Nyāya-vaiśeṣikas classify this inference as which one of the following?

   (a) *Asādhāraṇa Anaikāntika*

   (b) *Kevalānvayī*

   (c) *Kevalavyatirekī*

   (d) *Anvayavyatirekī*

15. Which of the following are advocated by Nyāya?

   (a) Atomism and Spiritualism only

   (b) Atomism, Spiritualism and Theism

   (c) Atomism, Theism and Realism only

   (d) Atomism, Theism, Realism and Pluralism

16. Which one of the following statements is ***not*** correct according to Plato?

   (a) The universal resides in the eternal and transcendent world of ideas

   (b) The universal is prior to particulars

   (c) The universal is a concrete individual

   (d) The universal is non-spatial and non-temporal

17. Which one of the following is ***not*** a tautology?

   (a) $\sim(p \cdot q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$

   (b) $\sim p \supset (p \supset q)$

   (c) $[(p \supset q) \supset p] \supset p$

   (d) $p \supset (q \supset p)$

18. Which one of the following is ***not*** Sāmānya?

   (a) Manhood (Manuṣyatva)

   (b) Cowness (Gotva)

   (c) Skyness (Ākāśatva)

   (d) Jarness (Ghatatva)

19. Which one of the following syllogistic forms involves the fallacy of undistributed middle?

   (a) AAA in third figure

   (b) AAA in second figure

   (c) IEO in first figure

   (d) IAA in third figure

14. "सजीव देहों में आत्मा होती है क्योंकि उनमें श्वास लेने जैसी प्रक्रियाएँ होती हैं।" न्याय-वैशेषिक इस अनुमान को निम्नलिखित में से किस एक में वर्गीकृत करते हैं?

(a) असाधारण अनैकान्तिक

(b) केवलान्वयी

(c) केवल-व्यतिरेकी

(d) अन्वय-व्यतिरेकी

15. न्याय-दर्शन निम्नलिखित में से किनका पक्ष समर्थन करता है?

(a) केवल परमाणुवाद और अध्यात्मवाद

(b) परमाणुवाद, अध्यात्मवाद और ईश्वरवाद

(c) केवल परमाणुवाद, ईश्वरवाद और वस्तुवाद

(d) परमाणुवाद, ईश्वरवाद, वस्तुवाद और बहुतत्ववाद

16. प्लेटो के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

(a) सामान्य, शाश्वत और इन्द्रियातीत विचार जगत् में रहता है

(b) सामान्य, विशेषों से पूर्व है

(c) सामान्य, मूर्त व्यष्टि है

(d) सामान्य, देश-निरपेक्ष और समय-निरपेक्ष है

17. निम्नलिखित में से कौन-सी एक पुनरुक्ति नहीं है?

(a) $\sim (p \cdot q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$

(b) $\sim p \supset (p \supset q)$

(c) $[(p \supset q) \supset p] \supset p$

(d) $p \supset (q \supset p)$

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सामान्य नहीं है?

(a) मनुष्यत्व

(b) गोत्व

(c) आकाशत्व

(d) घटत्व

19. निम्नलिखित न्यायिकी रूपों में से किस एक में अव्याप्त हेतु दोष है?

(a) तृतीय आकृति में AAA


(b) द्वितीय आकृति में AAA

(c) प्रथम आकृति में IEO

(d) तृतीय आकृति में IAA

20. All Raymops shares can be transacted. Nothing that can be transacted will involve risk. Hence, nothing that will involve risk are Raymops shares.

Which one of the following Venn diagrams represents the above argument?




*(a)* *(b)* *(c)* *(d)*

21. The correct symbolization of the statement "Both Saurav and Dravid cannot face the spin-bowlers" would be

*(a)* $\sim S \vee D$

*(b)* $\sim (S \cdot D)$

*(c)* $(\sim S \cdot \sim D)$

*(d)* $\sim S \cdot D$

22. Which one of the following is the law of exportation?

*(a)* $[p \vee (q \cdot r)] \equiv [(p \vee q) \cdot (p \vee r)]$

*(b)* $[(p \cdot q) \supset r] \equiv [p \supset (q \supset r)]$

*(c)* $[p \vee (q \vee r)] \equiv [(p \vee q) \vee r]$

*(d)* $[p \cdot (q \cdot r)] \equiv [(p \cdot q) \cdot r]$

23. The writer of *Language, Truth and Logic* is

*(a)* R. B. Perry

*(b)* A. J. Ayer

*(c)* C. L. Stevenson

*(d)* I. A. Richards

24. Match List—I (Name of the Philosophers) with List—II (The theory regarding relation between mind and body) and select the correct answer using the code given below the Lists :


| *List—I (Name of the Philosophers)* | *List—II (The theory regarding relation between mind and body)* |
|---|---|
| A. Descartes | 1. Parallelism |
| B. Spinoza | 2. Pre-established harmony |
| C. Leibniz | 3. Interactionism |

*Code :*

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 |

**20.** सभी रेमप्स शेयरों के द्वारा कार्य सम्पादित किया जा सकता है। जिसके द्वारा कार्य सम्पादित किया जा सकता है वह जोखिम भरा नहीं है। अतः जिसमें जोखिम है वह रेमप्स शेयर नहीं हैं।

उपर्युक्त युक्ति की वेन रेखाचित्र द्वारा सही जाँच निम्न में से किस एक आरेख है?




*(a)* *(b)* *(c)* *(d)*

**21.** "सौरभ और द्रविड़ दोनों स्पिन गेंदबाजी को नहीं झेल सकते" का सही प्रतीकीकरण है

*(a)* $\sim S \vee D$

*(b)* $\sim (S \cdot D)$

*(c)* $(\sim S \cdot \sim D)$

*(d)* $\sim S \cdot D$

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक निर्यातन नियम है?

*(a)* $[p \vee (q \cdot r)] \equiv [(p \vee q) \cdot (p \vee r)]$

*(b)* $[(p \cdot q) \supset r] \equiv [p \supset (q \supset r)]$

*(c)* $[p \vee (q \vee r)] \equiv [(p \vee q) \vee r]$

*(d)* $[p \cdot (q \cdot r)] \equiv [(p \cdot q) \cdot r]$

**23.** *Language, Truth and Logic* का लेखक है

*(a)* आर० बी० पेरी

*(b)* ए० जे० एयर

*(c)* सी० एल० स्टीवेन्सन

*(d)* आइ० ए० रिचर्ड्स

**24.** सूची–I (दार्शनिक का नाम) को सूची–II (आत्म-देह सम्बन्ध विषयक सिद्धान्त) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (दार्शनिक का नाम)** | **सूची–II (आत्म-देह सम्बन्ध विषयक सिद्धान्त)** |
|---|---|
| A. देकार्त | 1. समानान्तरवाद |
| B. स्पिनोज़ा | 2. पूर्व-स्थापित सामंजस्य |
| C. लाइब्निज़ | 3. अन्योन्यक्रियावाद |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 |

**25.** Match List—I (Thinkers) with List—II (View) and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List—I (Thinkers)* | *List—II (View)* |
|---|---|
| A. Plato | 1. God is one substance and has infinite attributes |
| B. Aristotle | 2. Substance is an eternal archetype |
| C. Descartes | 3. Substance is the compound of universal and particular |
| D. Spinoza | 4. God is an absolute substance; mind and matter are relative substances |


*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(b)* | 2 | 3 | 1 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 4 | 1 |

**26.** Consider the following argument :

No $P$ is $M$.
Some $M$ are $S$.
∴ Some $S$ are not $P$.

The correct testing by Venn diagram of the above argument has been done in




| Invalid | Valid | Valid | Invalid |
|---|---|---|---|
| *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |

**27.** For Leibniz, monad is windowless because

*(a)* it is absolutely free from external influence

*(b)* it is extended

*(c)* it is a composite body

*(d)* it is something material

**28.** Consider the following sentences :

1. If today is Saturday, tomorrow will be Sunday.
2. Since today is Saturday, tomorrow will be Sunday.

Which of the following is correct?

*(a)* 1 is an argument and 2 is not an argument

*(b)* 1 is not an argument but 2 is an argument

*(c)* Both 1 and 2 are arguments

*(d)* Neither 1 nor 2 is an argument

**25.** सूची–I (दार्शनिक) को सूची–II (दृष्टिकोण) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (दार्शनिक) | सूची–II (दृष्टिकोण) |
|---|---|
| A. प्लेटो | 1. ईश्वर एक द्रव्य है और उसके अनन्त गुण हैं |
| B. अरस्तू | 2. द्रव्य एक शाश्वत आदिरूप है |
| C. देकार्त | 3. द्रव्य, सामान्य एवं विशेष का मिश्रण है |
| D. स्पिनोज़ा | 4. ईश्वर एक निरपेक्ष द्रव्य है, मन और शरीर सापेक्ष द्रव्य हैं |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(b)* | 2 | 3 | 1 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 4 | 1 |


**26.** निम्नलिखित युक्ति पर विचार कीजिए :

कोई *P*, *M* नहीं है।

कुछ *M*, *S* हैं।

∴ कुछ *S*, *P* नहीं हैं।

उपर्युक्त युक्ति की वेन रेखाचित्र द्वारा सही जाँच निम्न में से किस एक आरेख है?




| अवैध | वैध | वैध | अवैध |
|---|---|---|---|
| *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |

**27.** लाइब्निज़ के लिए चिद्-बिन्दु गवाक्षहीन या छिद्ररहित है, क्योंकि

*(a)* यह सम्पूर्ण रूप से बाह्य प्रभाव से मुक्त है

*(b)* इसका विस्तार है

*(c)* यह एक प्रकार यौग है

*(d)* यह भौतिक है

**28.** निम्नलिखित वाक्यों पर विचार कीजिए :

1. कल रविवार होगा यदि आज शनिवार है।
2. कल रविवार होगा क्योंकि आज शनिवार है।

निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* 1, एक युक्ति है और 2, एक युक्ति नहीं है

*(b)* 1, एक युक्ति नहीं है जबकि 2, एक युक्ति है

*(c)* 1 और 2 दोनों युक्ति हैं


*(d)* 1 और 2 दोनों ही युक्ति नहीं है

29. Consider the following two propositions :

Some politicians are doctors.

Some politicians are not doctors.

Which one of the following Venn diagrams correctly represents the above two propositions?



30. In Jaina ethics, Brahmacarya means the sacrifice of

(a) sensual desires

(b) egoistic desires

(c) mental desires

(d) all desires

31. Who among the following is regarded as the father of Modern Western Philosophy?

(a) Plato

(b) Socrates

(c) Descartes

(d) Spinoza

32. Which of the following is ***not*** a law of thought?

(a) The law of the identity

(b) The law of negation

(c) The law of contradiction

(d) The law of excluded middle

33. Universals are different from particulars because they do not occupy

(a) space and time

(b) form and matter

(c) substance

(d) attribute

34. Plato was a supporter of Realism regarding the nature of

(a) sense-data

(b) physical object

(c) sensation

(d) universal

35. How many sources of knowledge have been accepted by Śaṅkarācārya?

(a) Two

(b) Three

(c) Four

(d) Six

36. Which of the following theories of error has been propounded by Prabhākara?

(a) Anyathākhyātivāda

(b) Akhyātivāda

(c) Viparīt Khyātivāda


(d) Satkhyātivāda

**29.** निम्नलिखित दो प्रतिज्ञप्तियों पर विचार कीजिए :

कुछ राजनीतिज्ञ डॉक्टर हैं।

कुछ राजनीतिज्ञ डॉक्टर नहीं हैं।

निम्नलिखित वेन आरेखों में से कौन-सा एक ऊपर दी गई दोनों प्रतिज्ञप्तियों को दर्शाता है?




(a) (b) (c) (d)

**30.** जैन नीतिशास्त्र में ब्रह्मचर्य का अर्थ है

*(a)* इन्द्रिय एषणा का त्याग

*(b)* स्वहितवादी एषणा का त्याग

*(c)* मनः एषणा का त्याग

*(d)* सभी एषणाओं का त्याग

**31.** निम्नलिखित में से किसे आधुनिक पाश्चात्य दर्शन का पिता माना जाता है?

*(a)* प्लेटो

*(b)* सुकरात

*(c)* देकार्त

*(d)* स्पिनोज़ा

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा, विचार का नियम नहीं है?

*(a)* तादात्म्य नियम

*(b)* निषेध नियम

*(c)* व्याघात नियम

*(d)* मध्यदशा निषेध नियम

**33.** सामान्य विशेषों से भिन्न होते हैं, क्योंकि वे ग्रहण नहीं करते हैं

*(a)* देश एवं काल

*(b)* रूप एवं वस्तु

*(c)* द्रव्य

*(d)* गुण

**34.** प्लेटो —— वस्तुवाद के समर्थक थे।

*(a)* इन्द्रिय प्रदत्त के स्वरूप विषयक

*(b)* भौतिक वस्तु के स्वरूप विषयक

*(c)* संवेदना के स्वरूप विषयक

*(d)* सामान्य के स्वरूप विषयक

**35.** शंकराचार्य के द्वारा ज्ञान-प्राप्ति के कितने साधनों को स्वीकार किया गया है?

*(a)* दो

*(b)* तीन

*(c)* चार

*(d)* छः

**36.** निम्नलिखित भ्रम सिद्धान्तों में से किसका प्रतिपादन प्रभाकर के द्वारा हुआ है?

*(a)* अन्यथाख्यातिवाद

*(b)* अख्यातिवाद

*(c)* विपरीत ख्यातिवाद

*(d)* सत्ख्यातिवाद

37. "The truth of an idea is determined by practical consequences." Which of the following theories of truth accepts it?

(a) Correspondence theory

(b) Coherence theory

(c) Pragmatic theory

(d) None of the above

38. Which of the following theories has been accepted by Spinoza regarding the relation between mind and body?

(a) Parallelism

(b) Interactionism

(c) Pre-established harmony

(d) None of the above

39. If the major term is distributed in the conclusion, but it is undistributed in the major premise, the argument is invalid. This fallacy is called

(a) the fallacy of undistributed middle

(b) the fallacy of illicit minor

(c) the fallacy of illicit major

(d) the fallacy of four terms

40. If both terms of a proposition are distributed, the proposition must be

(a) 'A' proposition

(b) 'E' proposition

(c) 'I' proposition

(d) 'O' proposition

41. Which of the following statement forms is contradictory?

(a) $p \vee q$

(b) $\sim p \vee \sim p$

(c) $p \supset q$

(d) $p \cdot \sim p$

42. 'Greatest good of the greatest number' is a slogan of

(a) Utiliterianism

(b) Intuitionism

(c) Perfectionism

(d) Egoistic hedonism

43. With which of the following names is the theory of ancient atomism generally associated?

(a) Pythagoras

(b) Heraclitus

(c) Democritus

(d) Anaxagoras

44. Philosophy and Science are

(a) opposed to each other

(b) complementary to each other

(c) not related to each other at all

(d) None of the above

**37.** "किसी विचार की सत्यता व्यावहारिक परिणामों के द्वारा निर्धारित होती है।" सत्यता के निम्नलिखित सिद्धान्तों में से कौन इसे स्वीकार करता है?

(a) संवादिता सिद्धान्त

(b) संसक्तता सिद्धान्त

(c) उपयोगितावादी सिद्धान्त

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** स्पिनोज़ा ने मन एवं शरीर के सम्बन्ध के विषय में निम्नलिखित सिद्धान्तों में से किसे स्वीकार किया है?

(a) समानान्तरवाद

(b) क्रियाप्रतिक्रियावाद

(c) पूर्वस्थापित सामंजस्य

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** यदि बृहत् पद निगमन में व्याप्त रहता है, लेकिन वह बृहत् वाक्य में अव्याप्त रहता है, तो युक्ति अवैध होती है। यह दोष कहलाता है

(a) अव्याप्त मध्यवर्ती पद का दोष

(b) अनुचित लघु पद का दोष

(c) अनुचित बृहत् पद का दोष

(d) चतुष्पदी दोष

**40.** यदि किसी तर्कवाक्य के दोनों पद व्याप्त हैं, तो वह तर्कवाक्य होगा

(a) 'A' तर्कवाक्य

(b) 'E' तर्कवाक्य

(c) 'I' तर्कवाक्य

(d) 'O' तर्कवाक्य

**41.** निम्नलिखित प्रकथन आकारों में से कौन व्याघातक है?

(a) $p \vee q$

(b) $\sim p \vee \sim p$

(c) $p \supset q$

(d) $p \cdot \sim p$

**42.** 'अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख' नारा है

(a) उपयोगितावाद का

(b) अन्तःअनुभूतिवाद का

(c) आत्मपूर्णतावाद का

(d) स्वार्थमूलक सुखवाद का

**43.** निम्नलिखित नामों में से किसके साथ प्राचीन परमाणुवाद को सामान्यतः सम्बद्ध किया जाता है?

(a) पाइथैगोरस

(b) हेराक्लिटस

(c) डेमोक्राइटस

(d) ऐनेक्सागोरस

**44.** दर्शन और विज्ञान हैं

(a) एक-दूसरे के विरोधी

(b) एक-दूसरे के पूरक

(c) एक-दूसरे से बिल्कुल सम्बन्धित नहीं

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. Aristotle's ontology is called

(a) Materialistic

(b) Idealistic

(c) Dualistic

(d) None of the above

46. Which of the following theories holds that real knowledge is universal, necessary and new?

(a) Rationalism

(b) Empiricism

(c) Criticism

(d) Idealism

47. Which of the following theories of truth holds that truth is changeable?

(a) Correspondence theory

(b) Coherence theory

(c) Pragmatic theory

(d) Intuitionist theory

48. Sidgwick has criticised psychological hedonism. The argument given by him is known as

(a) Paradox of hedonism

(b) Ignorance of hedonism

(c) Dogmatism of hedonism

(d) None of the above

49. According to which of the following, moral judgements are expressions of emotions?

(a) Intuitionism

(b) Emotivism

(c) Prescriptivism

(d) Hedonism

50. With which of the following Kant's ethics can be compared?

(a) Upaniṣad

(b) Gītā

(c) Vedānta

(d) Sāṃkhya

51. Which of the following is ***not*** a step in the Eight-Fold Path of Buddha?

(a) Samyak Dṛṣṭi

(b) Samyak Darśan

(c) Samyak Vāk

(d) Samyak Samādhi

52. Which of the following is ***not*** a proposition?

(a) $(x)(Fx \cdot Gx) \supset Hx$

(b) $(x)(Fx \supset Gx) \supset Ha$

(c) $(\exists x)(Fx \cdot Gx)$

(d) $(\exists x)(Fx \cdot \sim Gx)$

**45.** अरस्तू का तत्त्वशास्त्र कहलाता है

(a) भौतिकवादी

(b) प्रत्ययवादी

(c) द्वैतवादी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** निम्नलिखित सिद्धान्तों में से कौन मानता है कि वास्तविक ज्ञान सार्वभौम, अनिवार्य और नवीन होता है?

(a) बुद्धिवाद

(b) अनुभववाद

(c) समीक्षावाद

(d) प्रत्ययवाद

**47.** सत्यता के निम्नलिखित सिद्धान्तों में से कौन मानता है कि सत्यता परिवर्तनशील है?

(a) संवादिता सिद्धान्त

(b) संसक्तता सिद्धान्त

(c) उपयोगितावादी सिद्धान्त

(d) अन्तःअनुभूतिवादी सिद्धान्त

**48.** सिजविक ने मनोवैज्ञानिक सुखवाद की आलोचना की है। उनके द्वारा दिये गये तर्क जाना जाता है

(a) सुखवाद का विरोधाभास के रूप में

(b) सुखवाद का अज्ञान के रूप में

(c) सुखवाद का हठवाद के रूप में

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार नैतिक निर्णय संवेगों की अभिव्यक्तियाँ हैं?

(a) अन्तःअनुभूतिवाद

(b) संवेगवाद

(c) परामर्शवाद

(d) सुखवाद

**50.** काण्ट के नीतिशास्त्र की तुलना निम्नलिखित में से किसके साथ की जा सकती है?

(a) उपनिषद्

(b) गीता

(c) वेदान्त

(d) सांख्य

**51.** निम्नलिखित में से कौन बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग के सोपान **नहीं** है?

(a) सम्यक् दृष्टि

(b) सम्यक् दर्शन

(c) सम्यक् वाक्

(d) सम्यक् समाधि

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा, तर्कवाक्य नहीं है?

(a) $(x)(Fx \cdot Gx) \supset Hx$

(b) $(x)(Fx \supset Gx) \supset Ha$

(c) $(\exists x)(Fx \cdot Gx)$

(d) $(\exists x)(Fx \cdot \sim Gx)$

53. Which of the following is a propositional function?

(a) $Ha \supset Ma$

(b) $Hx \supset Mx$

(c) $(\exists x)(Hx \cdot Mx)$

(d) $(x)(Hx \cdot \sim Mx)$

54. Which rule has been used in the given formal proof of validity of the argument?

1. $A \supset B \,/ \therefore \sim B \supset \sim A$
2. $\sim B \supset \sim A$

(a) Rule of implication

(b) Rule of transposition

(c) Rule of commutation

(d) None of the above

55. Duties prescribed in Hindu ethics for different stages of life of the person are called

(a) Varṇa-dharma

(b) Āśrama-dharma

(c) Varṇāśrama-dharma

(d) None of the above

56. The branch of Ethics which is concerned with the analysis of moral concepts and judgements is called

(a) normative ethics

(b) applied ethics

(c) metaethics

(d) None of the above

57. 'Śrībhāṣya' is a commentary on Brahmasūtra written by

(a) Śaṅkara

(b) Rāmānuja

(c) Ballabha

(d) None of them

58. Logical positivists try to eliminate metaphysics from the domain of philosophy because all metaphysical utterances are

(a) false

(b) meaningless

(c) obscure

(d) ambiguous

59. Who of the following is the author of the book, *The Concept of Mind*?

(a) Russell

(b) Locke

(c) Austin

(d) Ryle

53. निम्नलिखित में से कौन-सा तर्कवाक्य-कलन है?

(a) $Ha \supset Ma$

(b) $Hx \supset Mx$

(c) $(\exists x)(Hx \cdot Mx)$

(d) $(x)(Hx \cdot \sim Mx)$

54. निम्नलिखित युक्ति की वैधता के आकारिक प्रमाण में किस नियम का प्रयोग हुआ है?

1. $A \supset B / \therefore \sim B \supset \sim A$
2. $\sim B \supset \sim A$

(a) आपादन नियम

(b) विनिमय नियम

(c) परिणति नियम

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. व्यक्ति के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के लिए हिन्दू आचारशास्त्र में निर्दिष्ट कर्त्तव्यों कहलाते हैं

(a) वर्ण-धर्म

(b) आश्रम-धर्म

(c) वर्णाश्रम-धर्म

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. नीतिशास्त्र की वह शाखा जो नैतिक सम्प्रत्ययों एवं निर्णयों के विश्लेषण का कार्य करती है, कहलाता है

(a) मानकीय नीतिशास्त्र

(b) अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र

(c) अधिनीतिशास्त्र

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. 'श्रीभाष्य' ब्रह्मसूत्र पर एक भाष्य है जो लिखा गया है

(a) शंकर के द्वारा

(b) रामानुज के द्वारा

(c) बल्लभ के द्वारा

(d) इनमें से कोई नहीं

58. तार्किक प्रत्यक्षवादी दर्शन के क्षेत्र से तत्त्वमीमांसा का वहिष्करण करने का प्रयत्न करते हैं क्योंकि सभी तत्त्वमीमांसीय उक्तियाँ होती है

(a) असत्य

(b) अर्थहीन

(c) दुर्बोध

(d) अनेकार्थक

59. निम्नलिखित में से कौन *The Concept of Mind* पुस्तक का लेखक है?

(a) रसेल

(b) लॉक

(c) ऑस्टिन

(d) राइल

60. "Philosophy is a department of logic." Who holds this?

(a) Ayer

(b) Russell

(c) Moore

(d) None of them

61. Which one of the following is a set of primary qualities according to Locke?

(a) Colour, sound and extension

(b) Colour, solidity and motion

(c) Colour, sound and motion

(d) Extension, solidity and motion

62. According to Nyāya, universals are

(a) impermanent

(b) non-real

(c) eternal

(d) both eternal and non-eternal

63. What do the Vaiśeṣikas mean by categories (Padārthas)?

(a) Modes of predication

(b) Modes of understanding

(c) Dynamic stages of the development of thought

(d) Types of knowable objects or of reals

64. Consider the following :

1. Pratijñā
2. Hetu
3. Nigamana
4. Udāharaṇa
5. Upanaya

What is the order of these according to Nyāya syllogism?

(a) 4–5–3–2–1

(b) 5–2–4–1–3

(c) 5–4–2–3–1

(d) 1–2–4–5–3

65. Which system accepted non-apprehension (Anupalabdhi) as a separate source of knowledge?

(a) Nyāya-vaiśeṣika

(b) Buddhism

(c) Advaita Vedānta

(d) Cārvāka

66. The absence of a relation between two things in the past, the present and the future is known as

(a) Prāgabhāva

(b) Pradhvaṃsābhāva

(c) Atyantābhāva

(d) Anyonyābhāva

**60.** "दर्शन तर्कशास्त्र का एक विभाग है।" यह कौन कहते हैं?

*(a)* एयर

*(b)* रसेल

*(c)* मूर

*(d)* इनमें से कोई नहीं

**61.** लॉक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा एक समुच्चय प्राथमिक गुणों का है?

*(a)* रंग, ध्वनि एवं विस्तार

*(b)* रंग, ठोसपन एवं गति

*(c)* रंग, ध्वनि एवं गति

*(d)* विस्तार, ठोसपन एवं गति

**62.** न्याय के अनुसार, सामान्य

*(a)* अस्थायी है

*(b)* अवास्तविक है

*(c)* शाश्वत है

*(d)* शाश्वत और अशाश्वत दोनों है

**63.** वैशेषिकों के अनुसार पदार्थ का क्या अर्थ है?

*(a)* विधेय के प्रकार

*(b)* समझ के प्रकार

*(c)* विचार के विकास की परिवर्तनात्मक अवस्थाएँ

*(d)* ज्ञेय वस्तुओं अथवा वास्तविक वस्तुओं के प्रकार

**64.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. प्रतिज्ञा
2. हेतु
3. निगमन
4. उदाहरण
5. उपनय

न्याय के न्याययुक्ति के अनुसार इनका कौन-सा क्रम है?

*(a)* 4–5–3–2–1

*(b)* 5–2–4–1–3

*(c)* 5–4–2–3–1

*(d)* 1–2–4–5–3

**65.** निम्नलिखित में से किस दर्शन ने अनुपलब्धि को ज्ञान का पृथक् साधन माना है?

*(a)* न्याय-वैशेषिक

*(b)* बौद्ध दर्शन

*(c)* अद्वैत वेदान्त

*(d)* चार्वाक

**66.** दो वस्तुओं के बीच भूत, वर्तमान एवं भविष्य में सम्बन्ध का अभाव, क्या कहलाता है?

*(a)* प्रागभाव

*(b)* प्रध्वंसाभाव

*(c)* अत्यन्ताभाव

*(d)* अन्योन्याभाव

67. The ideas of Plato are subsumed under the highest idea, which is the

(a) idea of the God

(b) idea of the Good

(c) idea of the Soul

(d) idea of the World

68. Which one of the following is the philosophical view of Rāmānuja?

(a) Pure monism

(b) Non-dualism

(c) Qualified non-dualism

(d) Spiritualistic pluralism

69. According to Nyāya philosophy, what is illusion?

(a) Ātmakhyāti

(b) Anyathākhyāti

(c) Akhyāti

(d) Satkhyāti

70. What was Descartes in reference to knowledge process?

(a) Empiricist

(b) Rationalist

(c) Critical

(d) Pragmatist

71. According to Cārvāka philosophy, which is the only source of knowledge?

(a) Pratyakṣa

(b) Anumāna

(c) Śabda Pramāṇa

(d) Upamāna

72. Consider the following statements :

1. Smoking in many places has been banned.
2. Smoking is injurious to health.
3. It is wrong to smoke.
4. Smokers should be punished severely.

Which of the statements given above are statements of value?

(a) 1 and 3

(b) 2 and 3

(c) 2 and 4

(d) 3 and 4

67. प्लेटो के प्रत्यय सबसे उच्च प्रत्यय के अन्तर्गत सम्मिलित हैं जो कि

(a) ईश्वर का प्रत्यय है

(b) शुभ का प्रत्यय है

(c) आत्मा का प्रत्यय है

(d) जगत् का प्रत्यय है

68. निम्नलिखित में से कौन-सा, रामानुज का दार्शनिक मत है?

(a) शुद्ध एकत्ववाद

(b) अद्वैतवाद

(c) विशिष्टाद्वैतवाद

(d) आध्यात्मिक बहुलतावाद

69. भ्रम को न्याय दर्शन क्या मानता है?

(a) आत्मख्याति

(b) अन्यथाख्याति

(c) अख्याति

(d) सत्ख्याति

70. ज्ञान-प्रक्रिया के सन्दर्भ में देकार्त क्या था?

(a) अनुभववादी

(b) तर्कबुद्धिवादी

(c) समीक्षावादी

(d) सहजज्ञानवादी

71. चार्वाक दर्शन के अनुसार ज्ञान का एकमात्र साधन क्या है?

(a) प्रत्यक्ष

(b) अनुमान

(c) शब्द प्रमाण

(d) उपमान

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कई स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबन्धित है।
2. धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
3. धूम्रपान करना गलत है।
4. धूम्रपान करने वालों को सख्त सजा दी जानी चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से मूल्यपरक हैं?

(a) 1 और 3

(b) 2 और 3

(c) 2 और 4

(d) 3 और 4

73. Which of the following is/are included in the Triratna?

1. Asteya, Ahiṃsā, Satya
2. Samyak Darśana
3. Samyak Jñāna and Samyak Caritra
4. Ahiṃsā, Muditā, Maitrī

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1

*(b)* 2 and 3

*(c)* 4

*(d)* 2 only

74. Who believes that the concept of Free Will must involve causality?

*(a)* Free Will advocate

*(b)* Fatalist

*(c)* Compatibilist

*(d)* Determinist

75. Ahiṃsā is an ethical concept central to

1. Gandhian ethics
2. Jaina ethics
3. Buddhist ethics

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

76. Ethics is the study of which aspect of conduct?

*(a)* Is

*(b)* Ought to be

*(c)* Will be

*(d)* Has been

77. Which Puruṣārtha is accepted by Cārvāka?

*(a)* Dharma, Artha and Kāma

*(b)* Dharma, Kāma and Mokṣa

*(c)* Artha and Kāma

*(d)* Kāma and Mokṣa

78. If any premise of valid categorical syllogism is negative, then

*(a)* conclusion will be negative

*(b)* conclusion will be positive

*(c)* conclusion will be uncertain

*(d)* no conclusion will be drawn

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से त्रिरत्न में सम्मिलित है/हैं?

1. अस्तेय, अहिंसा, सत्य
2. सम्यक् दर्शन
3. सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र
4. अहिंसा, मुदिता, मैत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 4

*(d)* केवल 2

**74.** कौन यह मानता है कि संकल्प स्वतंत्रता के सिद्धान्त में कारणता अनिवार्यतः समाविष्ट है?

*(a)* संकल्प स्वतंत्रता का समर्थक

*(b)* भाग्यवादी

*(c)* संगततावादी

*(d)* नियतिवादी

**75.** अहिंसा एक नैतिक सिद्धान्त है जो

1. गाँधी के नीतिशास्त्र में प्रमुख है
2. जैन के नीतिशास्त्र में प्रमुख है
3. बौद्ध के नीतिशास्त्र में प्रमुख है

नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**76.** नीतिशास्त्र आचरण के निम्नलिखित पक्षों में से किसका अध्ययन है?

*(a)* 'है' का

*(b)* 'चाहिए' का

*(c)* 'होगा' का

*(d)* 'हुआ है' का

**77.** चार्वाक किन पुरुषार्थों को स्वीकार करता है?

*(a)* धर्म, अर्थ एवं काम

*(b)* धर्म, काम एवं मोक्ष

*(c)* अर्थ एवं काम

*(d)* काम एवं मोक्ष

**78.** यदि किसी वैध मानक आकार वाले निरपेक्ष न्यायवाक्य का कोई आधार-वाक्य निषेधात्मक है, तो


*(a)* निष्कर्ष निषेधात्मक होगा

*(b)* निष्कर्ष भावात्मक होगा

*(c)* निष्कर्ष अनिश्चित होगा

*(d)* कोई निष्कर्ष नहीं निकलेगा

79. Following Venn diagram shows which hypothetical syllogism?




*(a)* AAA in II figure

*(b)* AAA in I figure

*(c)* AAI in III figure

*(d)* AEA in IV figure

80. If both premises of any syllogism are particulars, then what will be the conclusion?

*(a)* Affirmative

*(b)* Negative

*(c)* Particular

*(d)* None of the above

81. Who is nearer to Gītā's Karmayoga?

*(a)* Kant

*(b)* Bradley

*(c)* Bentham

*(d)* J. S. Mill

82. How many Vows are observed in Jainism?

*(a)* Five

*(b)* Four

*(c)* Eight

*(d)* Six

83. In the following, which one is ***not*** the concept of Buddha?

*(a)* Ātmavāda

*(b)* Pratītyasamutpādavāda

*(c)* Kṣaṇavaṅguravāda

*(d)* Anātmavāda

84. In the following, which one is the concept of causality according to Buddha?

*(a)* Asatkāryavāda

*(b)* Satkāryavāda

*(c)* Pratītyasamutpādavāda

*(d)* Vivartavāda

85. Platonic idealism is outcome of Nous given by

*(a)* Anaxagoras

*(b)* Socrates

*(c)* Democritus

*(d)* Heraclitus

86. In which philosophy Anantadarśana, Anantajñāna, Anantasukha and Anantavīrya is the nature of Soul?


*(a)* Buddha

*(b)* Jaina

*(c)* Śaṅkara

*(d)* Nyāya

**79.** निम्नलिखित वेन आरेख किस निरुपाधिक न्यायवाक्य को वैध ठहराती है?




(a) II आकृति में AAA

(b) I आकृति में AAA

(c) III आकृति में AAI

(d) IV आकृति में AEA

**80.** यदि किसी न्याययुक्ति के दोनों आधार-वाक्य अंशव्यापी हो, तो निष्कर्ष क्या होगा?

(a) भावात्मक

(b) अभावात्मक

(c) अंशव्यापी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** इनमें से कौन गीता के कर्मयोग के नजदीक है?

(a) काण्ट

(b) ब्रैड्ले

(c) बेन्थम

(d) जे० एस० मिल

**82.** जैन दर्शन में कितने महाभूतों को माना जाता है?

(a) पाँच

(b) चार

(c) आठ

(d) छः

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बुद्ध का सिद्धान्त नहीं है?

(a) आत्मवाद

(b) प्रतीत्यसमुत्पादवाद

(c) क्षणभंगुरवाद

(d) अनात्मवाद

**84.** निम्नलिखित में से कौन बौद्ध का कार्य-कारण सिद्धान्त है?

(a) असत्कार्यवाद

(b) सत्कार्यवाद

(c) प्रतीत्यसमुत्पादवाद

(d) विवर्तवाद

**85.** प्लेटो का प्रत्ययवाद नाउस (Nous) से निकला है, इसे किसने दिया?

(a) ऐनेक्सागोरस

(b) सुकरात

(c) डेमोक्राइटस

(d) हेराक्लिटस

**86.** अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख और अनन्तवीर्य आत्मा का स्वरूप है—यह किस दर्शन में है?

(a) बौद्ध

(b) जैन

(c) शंकर

(d) न्याय

87. Who has called the Third Buddhist Council?

(a) Aśoka

(b) Ajātaśatru

(c) Nāgasena

(d) Milinda

88. Vinayapitak and Suttapitak were compiled at

(a) Vaiśālī

(b) Rājgṛha

(c) Pātalīputra

(d) Sārnāth

89. First Buddhist Council was held at

(a) Pātalīputra

(b) Rājgṛha

(c) Sārnāth

(d) Vaiśālī

90. Theory of illusion, Anyathākhyāti is due to

(a) Jñānalakṣaṇa

(b) Sāmānyalakṣaṇa

(c) Yogaza

(d) Viparjaya

91. According to Śaṅkara, Māyā's locus as well as object is

(a) Brahman

(b) Īśwara

(c) Ātmā

(d) None of the above

92. In Śaṅkara's philosophy, with Avidyā Jīva does not believe in which of the following?

(a) Jīva is same as Brahman

(b) Difference of Jīva and Brahman

(c) Jīva is doer

(d) Jīva is enjoyer

93. Which one is Barbara?

(a) IIO

(b) AAA

(c) EAO

(d) IOA

94. Spinoza tried to solve the problem of the nature of the world through

(a) geometrical method

(b) arithmetical method

(c) algebraical method

(d) None of the above

**87.** तृतीय बौद्ध संगीति किसने बुलाया था?

(a) अशोक

(b) अजातशत्रु

(c) नागसेन

(d) मिलिन्द

**88.** विनयपिटक और सुत्तपिटक कहाँ संकलित किए गए?

(a) वैशाली

(b) राजगृह

(c) पाटलिपुत्र

(d) सारनाथ

**89.** प्रथम बौद्ध संगीति कहाँ हुआ था?

(a) पाटलिपुत्र

(b) राजगृह

(c) सारनाथ

(d) वैशाली

**90.** भ्रम के अन्यथाख्याति सिद्धान्त की उत्पत्ति का कारण है

(a) ज्ञानलक्षण

(b) सामान्यलक्षण

(c) योगज

(d) विपर्यय

**91.** शंकर के अनुसार माया का आश्रय और विषय है

(a) ब्रह्मन्

(b) ईश्वर

(c) आत्मा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** शंकर के अनुसार अविद्याग्रसित जीव निम्न में से अपने को क्या नहीं समझता?

(a) जीव-ब्रह्म एक है

(b) जीव ब्रह्म से भिन्न है

(c) जीव कर्ता है

(d) जीव भोक्ता है

**93.** इनमें से Barbara कौन है?

(a) IIO

(b) AAA

(c) EAO

(d) IOA

**94.** स्पिनोज़ा ने जगत् की व्याख्या निम्न एक विधि से की है

(a) ज्यामितिक विधि

(b) अंकगणितीय विधि

(c) बीजगणितीय विधि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** Who has written the book, *Fundamental Principles of the Metaphysics of Morals*?

*(a)* J. S. Mill

*(b)* Hume

*(c)* Kant

*(d)* Bentham

**96.** "Ram is honest, because he is alike Shyam."

For the above inference, choose the correct fallacy from the following.

*(a)* Asiddha Hetvābhāsa

*(b)* Bādhita Hetvābhāsa

*(c)* Satpratipakṣa Hetvābhāsa

*(d)* Savyabhicāra Hetvābhāsa

**97.** In the following, which one is ***not*** Hetvābhāsa?

*(a)* Vyabhicāra Hetvābhāsa

*(b)* Savyabhicāra Hetvābhāsa

*(c)* Viruddha Hetvābhāsa

*(d)* Bādhita Hetvābhāsa

**98.** Which one is the correct inversion of 'A' proposition?

*(a)* 'A' proposition

*(b)* 'I' proposition

*(c)* 'E' proposition

*(d)* 'O' proposition

**99.** Which one of the following is practical moral philosophy of non-violence?

*(a)* Non-violence of Jaina ethics

*(b)* Non-violence of Buddha ethics

*(c)* Non-violence of Gandhian ethics

*(d)* All of the above

**100.** "Every determination is negation" is a statement of Spinoza to describe

*(a)* God

*(b)* World

*(c)* Attributes

*(d)* Modes

**95.** *Fundamental Principles of the Metaphysics of Morals* नामक पुस्तक किसने लिखा?

(a) जे० एस० मिल

(b) ह्यूम

(c) काण्ट

(d) बेन्थम

**96.** "राम इमानदार है, क्योंकि वह श्याम की तरह है।"
उपर्युक्त अनुमान में निम्नलिखित में से कौन-सा दोष है?

(a) असिद्ध हेत्वाभास

(b) बाधित हेत्वाभास

(c) सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास

(d) सव्यभिचार हेत्वाभास

**97.** निम्नलिखित में से कौन, हेत्वाभास **नहीं** है?

(a) व्यभिचार हेत्वाभास

(b) सव्यभिचार हेत्वाभास

(c) विरुद्ध हेत्वाभास

(d) बाधित हेत्वाभास

**98.** 'A' तर्कवाक्य का सही विपरिवर्तन निम्नलिखित में से कौन-सा तर्कवाक्य है?

(a) 'A' तर्कवाक्य

(b) 'I' तर्कवाक्य

(c) 'E' तर्कवाक्य

(d) 'O' तर्कवाक्य

**99.** अहिंसा का व्यावहारिक नैतिक दर्शन निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) अहिंसा का जैन नीतिशास्त्र

(b) अहिंसा का बुद्ध नीतिशास्त्र

(c) अहिंसा का गाँधीवादी नीतिशास्त्र

(d) उपर्युक्त सभी

**100.** 'Every determination is negation' इस कथन के द्वारा स्पिनोज़ा निम्न एक की व्याख्या की

(a) ईश्वर

(b) जगत्

(c) गुण

(d) पर्याय

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

SEAL